## 1 SEM TDC HING (CBCS) AECC 2 (A/B)

## 2024

( November )

HINDI

( Modern Indian Language )

( For Arts/Sc/Com )

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

Paper : AECC–2A

( हिन्दी काव्य एवं गद्य साहित्य )

*Time* : 2 hours

*Candidates **eligible** for Internal Assessment shall answer Question Nos. **1** to **4***

*Full Marks* : 40

*Pass Marks* : 16

*Candidates **not eligible** for Internal Assessment shall answer Question Nos. **1** to **5***

*Full Marks* : 50

*Pass Marks* : 20

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×4=4

(क) 'पच्चीस चौका डेढ़ सौ' रचना के लेखक कौन हैं?

(ख) कबीरदास का जीवनकाल क्या है?

(ग) अज्ञेय का पूरा नाम क्या है?

(घ) 'पगडंडियों का ज़माना' किस विधा की रचना है?

**2.** निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए : 2×4=8

(क) कबीरदास किस तरह की भक्ति को सच्ची भक्ति नहीं मानते हैं? लिखिए।

(ख) सूर ने अविद्या में फँसे मनुष्य का कैसा वर्णन किया है? बताइए।

(ग) मन्नू भण्डारी द्वारा रचित कहानी 'यही सच है' की मुख्य घटना क्या है? लिखिए।

(घ) तुलसीदास के आराध्य देव कौन थे? तुलसीदास की प्रमुख रचनाओं के नाम लिखिए।

(ङ) सूरदास किस रस के सम्राट माने जाते हैं और क्यों? बताइए।

**3.** सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6×2=12

(क) मन मस्त हुआ तब क्यों बोलै।
हीरा पायो गाँठ गँठियायो, बार-बार वाको क्यों खोलै।
हल्की थी जब चढ़ी तराजू, पूरी भई तब क्यों तोलै।
सुरत कलाली भई मतवाली, मधवा पी गई बिन तोलै।
हंसा पायो मानसरोवर, ताल तलैया क्यों डोलै।
तेरा साहब है घर माँहीं बाहर नैना क्यों खोले।
कहै 'कबीर सुनो भई साधो, साहब मिल गए तिल ओलै।'

**अथवा**

द्वीप हैं हम।
यह नहीं है शाप। यह अपनी नियति है।
हम नदी के पुत्र हैं, बैठे नदी की क्रोड में।
वह बृहद् भूखंड से हमको मिलाती है।
और वह भूखंड
अपना पितर है।

(ख) "मगर कोठरी में बैठने की देर थी कि आँखों से छल-छल आँसू बहने लगे। दुपट्टे से बार-बार उन्हें पोंछती, पर वे बार-बार उमड़ आते, जैसे बरसों का बाँध तोड़कर उमड़ आये हों। माँ ने बहुतेरा दिल को समझाया, हाथ जोड़, भगवान का नाम लिया, बेटे की चिरायु होने की प्रार्थना की, बार-बार आँखें बंद की, मगर आँसू बरसात के पानी की तरह थमने में ही नहीं आते थे।"

**अथवा**

सीस जटा उर बाहु बिसाल, बिलोचन लाल, तिरीछी सी भौंहैं।
तुन, सरासन, बान धरे, तुलसी बन-मारग में सुठि सोहैं॥
सादर बारहिंबार सुभाय चितै, तुम त्यों हमरो मन मोहैं।
पुंछति ग्रामवधू सिय सों, कहौ साँवरे से, सखि! रावरे को हैं?

**4.** निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 8×2=16

(क) 'पच्चीस चौका डेढ़ सौ' कहानी के माध्यम से भारतीय समाज के सामाजिक भेदभाव की वर्गगत स्थितियों का मूल्यांकन कीजिए।

(ख) 'कछुआ धर्म' निबंध के शीर्षक की सार्थकता पर प्रकाश डालिए।

(ग) जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित कविता 'आँसू' का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

(घ) कहानी-कला की दृष्टि से 'यही सच है' कहानी की समीक्षा कीजिए।

(ङ) 'चीफ़ की दावत' कहानी का मुख्य उद्देश्य क्या है, स्पष्ट कीजिए तथा इस कहानी में ''मध्यवर्गीय मानसिकता का जीवंत दस्तावेज है'', सिद्ध कीजिए।

**( In lieu of Internal Assessment )**

**5.** 'भारत की सांस्कृतिक एकता' निबंध का मूल्यांकन कीजिए। 10

**अथवा**

'लेखक की स्वतंत्रता' कविता का सारांश प्रस्तुत कीजिए।

# COMMUNICATIVE HINDI

## ( For Arts/Sc/Com )

Paper : AECC–2B

( हिन्दी भाषा और व्याकरण )

*Full Marks : 40*

*Pass Marks : 16*

*Time : 2 hours*

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×4=4

(क) विशेषण किसे कहते हैं?

(ख) भाषा किसे कहते हैं?

(ग) हिन्दी में कितने वर्ण होते हैं?

(घ) हिन्दी भाषा की लिपि का क्या नाम है?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 3×4=12

(क) हिन्दी में कितने प्रकार के व्यंजन होते हैं? नामोल्लेख कीजिए।

(ख) उपवाक्य किसे कहते हैं? उदाहरण देकर समझाइए।

(ग) स्वर और व्यंजन में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(घ) पुरुषवाचक सर्वनाम किसे कहते हैं? उदाहरण देकर समझाइए।

**3.** निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 6×4=24

(क) हिन्दी शब्द-भण्डार में आने वाले तत्सम और तद्भव के छः छः शब्दों के नाम लिखिए।

(ख) औपचारिक तथा अनौपचारिक पत्र-लेखन का अंतर स्पष्ट कीजिए।

(ग) संज्ञा की परिभाषा देते हुए उसके भेदों को उदाहरण सहित लिखिए।

(घ) वाक्य किसे कहते हैं? सरल वाक्य तथा मिश्र वाक्य का अंतर स्पष्ट कीजिए।

(ङ) हिन्दी भाषा के उद्भव तथा विकास का मूल्यांकन कीजिए।

(च) विशेषण की परिभाषा देते हुए उसके भेद एवं लक्षण को सोदाहरण लिखिए।

★★★